मैंग्रोव पिट्टा पक्षी

हाल ही में ओडिशा के दो तटीय ज़िलों (केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर) में पहली मैंग्रोव पिट्टा पक्षी गणना की गई।

मैंग्रोव पिट्टा:

- **परिचय:**
  - मैंग्रोव पिट्टा पक्षी (पिट्टा मेगरिन्चा) पक्षी की एक प्रजाति है जो ओडिशा के भितरकनिका और **पश्चिम बंगाल के सुंदरबन** सहित पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में पाया जाता है।
- **IUCN स्थिति:**
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने प्रजातियों को वर्गीकरण और मूल्यांकन किया है और इसे "संकटापन्न" के रूप में सूचीबद्ध किया है।
- **वितरण:**
  - भारत, बांग्लादेश, म्याँमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया।
- **महत्त्व:**
  - यह प्रजाति महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह मैंग्रोव वनों के स्वास्थ्य का जैव-संकेतक है, जो तटीय क्षेत्रों में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

//

मैंग्रोव पिट्टा पक्षियों की पहली जनगणना:

- यह जनगणना एक **बिंदु गणना पद्धति (Point Count Method) का उपयोग** करके आयोजित की गई थी, जहाँ पक्षियों को गिनने के लिये प्रत्यक्ष दृष्टि और चहकने की आवाज़ का उपयोग किया गया था।
- मैंग्रोव पिट्टा पक्षियों की जनगणना में **कुल 179 अलग-अलग पक्षियों की गिनती की गई थी।**
- भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के अंदर महिपुरा नदी के मुहाने के पास मैंग्रोव में इन पक्षियों की सबसे अधिक सघनता पाई गई।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mangrove-pitta-bird